**NEWS CLIPPING: 25.11.2019**

## THE TRIBUNE

# ALUMNI BUSINESS MEET



**Faridabad:** The department of management studies in association with industrial relations cell of JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, organised an alumni business meet on the university premises recently. It was the part of the alumni reunion of the department of management studies. The business session was chaired by Vice-Chancellor Prof Dinesh Kumar who was accompanied by senior functionaries. Prof Ashutosh Nigam welcomed the alumni and said that the meet would be a new milestone in furthering the relation between the department and the alumni family.

The Tribune Mon, 25 November 2019 https://epaper.tribun

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 25.11.2019**

**PUNJAB KESARI**

# भूतपर्व छात्रों ने की परस्पर सहयोग को लेकर चर्चा

## जेसी बोस विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन विभाग के पूर्व छात्रों का मिलन कार्यक्रम

## पूर्व छात्र है विश्वविद्यालय का एक महत्वपूर्ण हिस्सा : कुलपति प्रो. दिनेश कुमार

फरीदाबाद, 24 नवम्बर (ब्यूरो): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के प्रबंधन अध्ययन विभाग द्वारा औद्योगिक संबंध प्रकोष्ठ के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में एक बिजनेस मीट का आयोजन किया। बिजनेस मीट का आयोजन प्रबंधन अध्ययन विभाग के पूर्व छात्रों के मिलन कार्यक्रम (एलुमनाई मीट) का हिस्सा था। कार्यक्रम में काफी संख्या में भूतपूर्व छात्रों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। इस अवसर पर डीन (संस्थान) डॉ. संदीप ग्रोवर, डीन (प्रबंधन) डॉ अरविंद गुप्ता, प्रबंधन अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष निगम और प्रतिष्ठित संस्थानों से जुड़े भूतपूर्व छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम में परस्पर सहयोग विकसित करने को लेकर विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। सत्र में अपने उद्घाटन भाषण में, कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने कहा कि पूर्व छात्र विश्वविद्यालय का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और संस्थान के विकास एवं विद्यार्थियों को परस्पर सहयोग प्रदान करने में उनकी हमेशा अहम भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि कोई भी विभाग पूर्व छात्रों के सक्रिय और गतिशील सहयोग के बिना विकास नहीं कर सकता।

उन्होंने प्रबंधन विभाग को पूर्व छात्रों के साथ परस्पर संबंधों तथा तालमेल को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। इससे पहले, कार्यक्रम में प्रो. आशुतोष निगम ने सभी पूर्व छात्रों का स्वागत किया तथा विभाग के पूर्व विद्यार्थियों के साथ परस्पर संबंधों को और अधित प्रगाढ़ बनाने में कार्यक्रम की महत्व पर प्रकाश डाला। विभाग के डीन डॉ. अरविंद गुप्ता ने अपने संबोधन में प्रोफेशनल नेटवर्किंग के महत्व पर जोर दिया और विश्वास जताया कि यह कार्यक्रम विभाग एवं पूर्व छात्रों के बीच संबंधों को मजबूत बनाने के साथ-साथ विशेषज्ञता के क्षेत्र में योगदान देगा। प्रो. संदीप ग्रोवर ने विभाग और पूर्व छात्रों के बीच निरंतर संपर्क और परस्पर सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। चर्चा सत्र में पूर्व छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और औद्योगिक क्षेत्र में अपने के अनुभव साझा किये तथा शिक्षण प्रक्रिया को मजबूत बनाने तथा प्रासंगिक सहयोग प्रदान करने के लिए विचार रखे। पूर्व छात्रों ने परियोजना परामर्श, विशेष व्याख्यान और छात्रों को रोजगार मार्गदर्शन प्रदान करने की इच्छा व्यक्त की। कई पूर्व छात्रों ने इंटर्नशिप, लाइव प्रोजेक्ट, प्लेसमेंट और औद्योगिक भ्रमण और उद्यमिता संबंधी गतिविधियों की व्यवस्था में विभाग को सहयोग करने की पेशकश की। कई पूर्व छात्रों ने अपने कैरियर की प्रगति के लिए विभिन्न क्षेत्रों में प्रबंधन विकास में शॉट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने का प्रस्ताव रखा। इस संदर्भ में, प्रो. बेदी ने बताया कि विभाग पहले से ही इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स के लिए एमबीए एग्जीक्यूटिव पाठ्यक्रम और पीएचडी कार्यक्रम चला रहा है। कार्यक्रम में निर्णय लिया गया कि परस्पर चर्चा को न्यूजलेटर, सोशल मीडिया समूहों, सेंट्रल एलुमनाई पोर्टल और एलुमनाई चैप्टर के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा। अपने समापन भाषण में, प्रो. संदीप ग्रोवर ने विश्वविद्यालय द्वारा शुरू किये जाने वाले शार्ट टर्म पाठ्यक्रमों के प्रस्ताव के लिए पूर्व छात्रों के बीच परस्पर विचार-विमर्श करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कुलपति ने एलुमनाई मीट को सार्थक बनाने के लिए रखे गये विचार-विमर्श सत्र की अभिनव पहल की सराहना की।




*कार्यक्रम में चयनित किए गए बेस्ट एलुमनस और बेस्ट एलुमना। (छाया: एस शर्मा)*

पंजाब केसरी ई-पेपर
Mon, 25 November 2019
https://epaper.punjabkesari.in/c/46140043

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)


**NEWS CLIPPING: 25.11.2019**

## AMAR UJALA

# पूर्व छात्रों ने मिलन समारोह में आपसी सहयोग पर की चर्चा

अमर उजाला ब्यूरो



**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (विवि) के प्रबंधन अध्ययन विभाग ने औद्योगिक संबंध प्रकोष्ठ के सहयोग से बिजनेस मीट का आयोजन किया। यह कार्यक्रम प्रबंधन अध्ययन विभाग के पूर्व छात्रों के मिलन कार्यक्रम (एलुमनाई मीट) का हिस्सा था। काफी संख्या में भूतपूर्व छात्रों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। इस अवसर पर डीन (संस्थान) डॉ. संदीप ग्रोवर, डीन (प्रबंधन) डॉ. अरविंद गुप्ता, प्रबंधन अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष निगम और प्रतिष्ठित संस्थानों से जुड़े भूतपूर्व छात्र मौजूद रहे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने संस्थान के विकास एवं विद्यार्थियों को परस्पर सहयोग के लिए पूर्व छात्रों की अहम भूमिका बताई।

**NEWS CLIPPING: 25.11.2019**

## NAVBHARAT TIMES

# पंकज बंसल और खुशबू को मिला खिताब

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी में एल्युमनाई मीट हुई जिसे पूर्व छात्रों ने खूब मस्ती की। साथ ही अपने अनुभव भी साझा किए। कार्यक्रम में नाच-गाने के साथ कॉम्पिटिशन भी हुए। इसमें पंकज बंसल को बेस्ट एलुमिनस और खुशबू को बेस्ट एलुमना चुना गया। इस अवसर पर संस्थान डीन डॉ. संदीप ग्रोवर, प्रबंधन डीन डॉ. अरविंद गुप्ता और प्रबंधन अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष निगम मौजूद थे।

**NEWS CLIPPING: 25.11.2019**

**DAINIK JAGRAN**

# पूर्व छात्र विश्वविद्यालय का महत्वपूर्ण हिस्सा संस्थान में उनकी अहम भूमिका : प्रो .दिनेश

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद** : जेसी बोस (वाईएमसीए) विश्वविद्यालय में प्रबंधन अध्ययन विभाग द्वारा एक बिजनेस मीट का आयोजन किया। कार्यक्रम में काफी संख्या में भूतपूर्व छात्रों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की।

इस अवसर पर डीन (संस्थान) डॉ. संदीप ग्रोवर, डीन (प्रबंधन) डॉ. अरविंद गुप्ता, प्रबंधन अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष निगम और प्रतिष्ठित संस्थानों से जुड़े पूर्व छात्र उपस्थित थे। कुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने कहा कि पूर्व छात्र विश्वविद्यालय का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और संस्थान के विकास एवं विद्यार्थियों को परस्पर सहयोग प्रदान करने में उनकी हमेशा अहम भूमिका रहती है। इससे पूर्व कार्यक्रम में प्रो. आशुतोष निगम ने सभी पूर्व छात्रों का स्वागत किया।

विभाग के डीन डॉ. अरविंद गुप्ता ने प्रोफेशनल नेटवर्किंग के महत्व पर जोर दिया और विश्वास जताया कि यह कार्यक्रम विभाग एवं पूर्व छात्रों के बीच संबंधों को मजबूत बनाने के साथ-साथ विशेषज्ञता के क्षेत्र में योगदान देगा।

प्रो. संदीप ग्रोवर ने विभाग और पूर्व छात्रों के बीच निरंतर संपर्क और परस्पर सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। प्रो. सुरेश बेदी ने उद्घाटन सत्र के मुख्य उद्देश्य पर विस्तार से चर्चा की, जिसमें विभाग और छात्रों के साथ पूर्व छात्रों का जुड़ाव, रोजगार के क्षेत्र में परस्पर सहयोग, तथा पूर्व छात्रों के साथ परस्पर चर्चा के लिए मंच एवं अवसर शामिल थे। कई पूर्व छात्रों ने इंटर्नशिप, लाइव प्रोजेक्ट, प्लेसमेंट और औद्योगिक भ्रमण और उद्यमिता संबंधी गतिविधियों की व्यवस्था में विभाग को सहयोग करने की पेशकश की।

कार्यक्रम में कई सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गई, जिसमें गायन, कविता, नृत्य और कॉमेडी की प्रस्तुतियां शामिल रही। कार्यक्रम में पंकज बंसल और खुशबू को बेस्ट एलुमिनाई चुना गया। ।

**NEWS CLIPPING: 25.11.2019**

**HINDUSTAN**

# पंकज और खुशबू रहे बेहतरीन एल्युमनाई

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

## कार्यक्रम

- वाईएमसीए में बिजनस मीट का आयोजन किया गया
- विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों ने भी हिस्सा लिया

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) के प्रबंधन अध्ययन विभाग की ओर से रविवार को बिजनेस मीट का आयोजन किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों ( एल्युमनाई) ने भी हिस्सा लिया। इसमें भारी संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर गायन, कविता, नृत्य और कॉमेडी सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बेहतरीन एलुमिनस और बेहतरीन एलुमना का चयन भी किया गया। जिसमें पंकज बंसल और खुशबू ने खिताब जीता। इसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। इसके अलावा डीन (संस्थान) डॉ. संदीप ग्रोवर, डीन (प्रबंधन) डॉ. अरविंद गुप्ता, प्रबंधन अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष निगम और प्रतिष्ठित संस्थानों से जुड़े भूतपूर्व छात्र मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि कोई भी विभाग पूर्व छात्रों के सक्रिय और गतिशील सहयोग के बिना विकास नहीं कर सकता।

**NEWS CLIPPING: 25.11.2019**

## DAINIK BHASKAR

Dainik Bhaskar 25/11/2019

**आयोजन** • जेसी बोस यूनिवर्सिटी के प्रबंधन विभाग के पूर्व छात्रों का मिलन कार्यक्रम आयोजित

# पूर्व छात्र हैं यूनिवर्सिटी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा, संस्थान के विकास में उनकी अहम भूमिका: दिनेश

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी के प्रबंधन अध्ययन विभाग के पूर्व छात्रों का मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें काफी संख्या में पूर्व छात्र पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। इस दौरान कुलपति ने कहा कि पूर्व छात्र यूनिवर्सिटी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और संस्थान के विकास एवं विद्यार्थियों को परस्पर सहयोग प्रदान करने में उनकी हमेशा अहम भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कोई भी विभाग पूर्व छात्रों के सक्रिय और गतिशील सहयोग के बिना विकास नहीं कर सकता। उन्होंने प्रबंधन विभाग को पूर्व छात्रों के साथ परस्पर संबंधों तथा तालमेल बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।



कुलपति प्रो. दिनेश कुमार एलुमनाई मीट को संबोधित करते हुए।

प्रबंधन अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष निगम ने पूर्व छात्रों का स्वागत किया तथा विभाग के पूर्व विद्यार्थियों के साथ परस्पर संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ बनाने पर बल दिया। विभाग के डीन डा. अरविंद गुप्ता ने प्रोफेशनल नेटवर्किंग के महत्व पर जोर दिया और विश्वास जताया कि यह कार्यक्रम विभाग एवं पूर्व छात्रों के बीच संबंधों को मजबूत बनाने के साथ-साथ विशेषज्ञता के क्षेत्र में योगदान देगा। डीन (संस्थान) डॉ. संदीप ग्रोवर ने विभाग और पूर्व छात्रों के बीच निरंतर संपर्क और परस्पर सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया।कई पूर्व छात्रों ने इंटर्नशिप, लाइव प्रोजेक्ट, प्लेसमेंट और औद्योगिक भ्रमण और उद्यमिता संबंधी गतिविधियों की व्यवस्था में विभाग को सहयोग करने की पेशकश की। कई पूर्व छात्रों ने अपने कैरियर की प्रगति के लिए विभिन्न क्षेत्रों में प्रबंधन विकास में शाट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने का प्रस्ताव रखा। इस संदर्भ में प्रो. बेदी ने बताया कि विभाग पहले से ही इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स के लिए एमबीए एग्जीक्यूटिव पाठ्यक्रम और पीएचडी कार्यक्रम चला रहा है। इस मौके पर सांस्कृतिक गतिविधियां भी आयोजित की गईं। इसमें गायन, कविता, नृत्य और कॉमेडी की प्रस्तुतियां शामिल थी। इस मौके पर बेस्ट एलुमनस पंकज बंसल और बेस्ट एलुमना खुशबू चुनी गईं।